हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 जुलाई 2025

06 उदयपुर में पहुंचे 50 हजार से अधिक ...


07 देवपुर धाम जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल...




## खबर संक्षेप

### कैलाश रघुवंशी बने रघुवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी को अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री रघुवंशी पूर्व में समाज के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। इसके अलावा जागरूकता एवं संगठन निर्माण हेतु प्रतिभा सम्मान, सामाजिक समागम और सेवा कार्यों का सफल आयोजन कर चुके हैं। उन्होंने युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

### रेखा शर्मा बनीं कांवड़ यात्रा की सह संयोजक



**विदिशा।** बजरिया गणेश मंदिर में आयोजित सनातन हिंदू उत्सव समिति की बैठक में रेखा मनोज शर्मा को कांवड़ यात्रा का सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता राधिका शरण दास ने की। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी की अनुशंसा, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति जैन, कावड़ यात्रा सह संयोजक मनीषा अखिलेश राजपूत तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

### मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया



**विदिशा।** मूंग खरीदी के लिए अंतिम तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है। जिले में 6 केन्द्रों पर खरीदी की जा रही है। सोमवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा एवं उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया ने मूंग खरीदी केंद्र पठारी हवेली का निरीक्षण किया। किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील है कि 29 जुलाई तक स्लॉट बुक अनिवार्य रूप से करा लें।

### दस्तक अभियान का प्रथम चरण आज से

**विदिशा।** जिले में बाल मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलेगा। इसका शुभारंभ 22 जुलाई को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, टीलाखेड़ी विदिशा में होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम रहित शर्मा ने बताया कि अभियान में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों की संस्था एवं घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच, उपचार और आवश्यक प्रबंधन किया जाएगा। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त समन्वय से संचालित किया जाएगा।

### जैन कॉलेज में बनी पहली नशा मुक्ति समिति, 13 सदस्य

**विदिशा।** नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत पुलिस पंचायत कोर कमेटी ने कॉलेजों में नशा मुक्ति समितियां गठित करने की पहल की है। जैन कॉलेज में जिले की पहली 13 सदस्यीय समिति का गठन हुआ। जिसका नियुक्ति-पत्र प्राचार्य एसके उपाध्याय ने एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे को सौंपा। डॉ. चौबे ने कहा कि यह समिति कॉलेज की पुलिस के रूप में कार्य करेगी। पहचान पत्र भी जल्द सौंपे जाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों को सम्मानित किया जाएगा।

**एक्शन:** कार्रवाई करने पहुंचा नपा का अमला तो व्यापारियों में मची अफरातफरी

# नीमताल से विवेकानंद चौराहे तक फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों पर की कार्रवाई

**कार्रवाई के दौरान** कई दुकानदारों पर जुर्माना किया गया।

**कार्रवाई के बाद** फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर नगरपालिका ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। नीमताल से स्वामी विवेकानंद न्यू कलेक्ट्रेट चौराहे तक नपा टीम ने सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण पर सख्ती दिखाई। दुकानों के बाहर रखे सामान हटाए गए और कुछ दुकानदारों पर 1 हजार रुपए तक का जुर्माना भी लगाया गया। नगरपालिका का अतिक्रमण विरोधी दस्ता जब दुकानों के बाहर रखा सामान हटाने पहुंचा तो कई दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने सामान उठाकर जब्त करना शुरू किया, तो कुछ दुकानदार हाथ माफी मांगते दिखे और दोबारा अतिक्रमण न करने का भरोसा दिलाने लगे। नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान और बोर्ड रखकर उसे स्थायी दुकान जैसा बना लिया था, जो पूरी तरह अवैध है। ऐसे दुकानदारों पर 1 हजार का जुर्माना लगाकर सामान वापस कर दिया। सीएमओ ने चेतावनी दी कि अगली बार ऐसा करने पर सामान जब्त कर न्यायालय में पेश किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।





**विदिशा।** सोमवार को नगरपालिका द्वारा सख्ती से हटाए अतिक्रमण अभियान के दौरान कई व्यापारियों का सड़क पर रखा सामान जब्त कर लिया गया।

### आओ सख्ती से अतिक्रमण हटाएं अभियान

यह कार्रवाई 'आओ शक्ति से अतिक्रमण हटाएं' अभियान के तहत की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में समझाइश दी जा रही है, लेकिन आगे सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह मुहिम अब शहरभर में लगातार जारी रहेगी।

#### नपा की कार्रवाई की सराहना

नगर पालिका की इस कार्रवाई से आम नागरिकों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण न सिर्फ यातायात बाधित होता है, बल्कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों ने प्रशासन की सख्ती को जरूरी बताया और उम्मीद जताई कि यह मुहिम अब लगातार चलेगी।

# लेन-देन के विवाद में किराना व्यापारी का अपहरण, पुलिस ने पांच आरोपी किए गिरफ्तार

**पुलिस ने कुछ घंटों में आरोपी दबोचे, कार जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद में पैसों के लेन-देन को लेकर किराना व्यापारी राहुल पुत्र लालराम साहू उम्र 22 साल के अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। हाट बाजार में किराने की दुकान चलाने वाले व्यापारी को शमशाबाद और बासौदा के पांच लोगों ने जबरन कार में बैठाया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की। इसके बाद उसे बासौदा में छोड़ दिया। पीड़ित किसी तरह आरोपियों से बचकर शमशाबाद थाने पहुंचा।

#### आरोपियों की कार भी पुलिस ने जब्त की

थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार को मामले की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कुछ ही घंटों में पांचों आरोपियों को कार समेत पकड़ लिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे आरोपियों से जान का खतरा है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी के अनुसार अपहरण पुराने पैसों के लेन-देन की रंजिश में किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### भवन आवंटन प्रक्रिया अटकी, 240 परिवार परेशान



**विदिशा।** टीलाखेड़ी विकास समिति के सदस्यों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा टीलाखेड़ी क्षेत्र में बनाई जा रही कॉलोनी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। समिति के अनुसार 240 परिवारों ने भवन आवंटन हेतु निर्धारित राशि जमा कर दी है, बावजूद इसके कार्य रुका हुआ है। हाउसिंग बोर्ड ने जिम्मेदारी कलेक्टर पर डाल दी है, जिससे लोग असमंजस में हैं। समिति सदस्य बैजनाथ बिलगैया ने बताया कि आवंटन में देरी से कई परिवार परेशान हैं और प्रशासन को जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

### नशे में युवकों ने की मारपीट, महिला गंभीर

**विदिशा।** खरीफाटक इलाके में लड्डा एजेंसी के पास रविवार रात शराब के नशे में धुत युवकों ने महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में यश जाटव, उनकी मां और मौसी घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां यश की मौसी की हालत गंभीर बताई गई और उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल यश जाटव ने बताया कि युवक शराब के नशे में उनके घर के बाहर हंगामा कर रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने पहले उसकी बहनों से मारपीट की और फिर पूरे परिवार को पीटा पुलिस ने कुछ आरोपितों को हिरासत में लिया। आधा दर्जन युवकों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज की गई है। एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

# बच्चों को लेने जा रही स्कूल बस गड्ढे में गिरी

## मवेशियों को बचाने में ड्राइवर ने खोया संतुलन, खाली था वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नारायण स्कूल की एक बस शनिवार को बेकाबू होकर सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गई। ये हादसा तब हुआ जब बस अहमदपुर और आसपास के इलाकों से बच्चों को लेने जा रही थी। हादसे के वक्त बस में केवल ड्राइवर जितेंद्र कुशवाह ही मौजूद था। घटना के समय बस एक बस्ती की ओर जा रही थी। रास्ते में अचानक मवेशी सामने आ गए। ड्राइवर ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन संतुलन खो बैठा और बस सड़क से नीचे उतर गई। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची।



#### बस खाली होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ

टीआई विमलेश राय के अनुसार बस आसपास के गांवों से बच्चों को लेने जा रही थी। बस खाली होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। सुरक्षा के लिहाज से ड्राइवर का मेडिकल जांच किया जा रहा है। पुलिस ने बस को सड़क से हटवा दिया है और मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह हादसा बच्चों को लेकर लौटते समय हुआ होता तो स्थिति अलग हो सकती थी।

### घोधरा गांव में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला



**विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम घोघरा में मायके आई रूपवती कुशवाह पर ससुराल पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर लाठी व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोप है कि उसके पति, चारों जेठ और अन्य महिलाओं ने मिलकर गंभीर रूप से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे रूपवती के परिजनों से भी मारपीट की गई। घायल रूपवती का अस्पताल में इलाज जारी है। सोमवार को पीड़िता ने पिता पप्पू कुशवाह के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष उसे प्रताड़ित करता है।

# जिले में पहली बार 3 अगस्त को होगी शतरंज प्रतियोगिता



**विदिशा।** जिला शतरंज एसोसिएशन द्वारा जिले में प्रथम बार जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही ओपन खेल में भी 18 वर्ष से अधिक आयू वर्ग के शतरंज खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे।

अध्यक्ष सौमिल पलोड़ और सचिव आकाश थापा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त रविवार को मगधम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होने वाले शतरंज खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। शतरंज चैंपियनशिप में विद्यार्थी और ओपन वर्ग में सभी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। शतरंज खेल में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ी 9425422701 अटल तिवारी, दिलीप सिंह थापा 9827357990, घनश्याम शर्मा 9340708612 से जानकारी ले सकते हैं।

# हरदा प्रकरण: करणी सेना ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** हरदा जिले में करणी सेना पदाधिकारियों और सदस्यों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर विदिशा में करणी सेवा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। सोमवार को समिति द्वारा शहर में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में हरदा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, लाठीचार्ज में शामिल पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही करने और घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की गई। करणी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो करणी सेना देशव्यापी आंदोलन करेगी। इस अवसर पर रणवीर सिंह व नितिन माहेश्वरी ने कहा कि सरकार को हिंदू संगठनों के साथ हो रहे अन्याय को गंभीरता से लेना चाहिए, वरना परिणाम भुगतने होंगे। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शमशाबाद में भी करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

**शमशाबाद।** हरदा जिले में करणी सेना पर हुए अत्याचार के विरोध में करणी सैनिकों ने शमशाबाद में प्रदर्शन किया। राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर नारेबाजी की गई। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी अजय प्रताप सिंह पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। समाज के डॉ. शिवेंद्र सिंह परमार ने बताया कि हरदा में पुलिस की बर्बरता के विरोध में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो अगला चरण भोपाल में महा आंदोलन के रूप में होगा। करणी सैनिकों ने बताया कि हरदा में धरना दे रहे लोगों का समर्थन करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर पहुंचे थे। जैसे ही वे वहां पहुंचे, प्रशासन ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। इससे प्रशासन की मंशा साफ हो गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि हरदा स्थित राजपूत छात्रावास पर भी पुलिस ने हमला किया। छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। इस दौरान छोटी बच्चियों तक के साथ मारपीट की गई।

# लटेरी के जंगल में नीलगाय का शिकार, जीप में मिला शव, हमेशा की तरह शिकारी फरार

## पोरिया बीट में गोलियों की आवाजे सुन ग्रामीणों ने वन अमले को दी थी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी के पोरिया के जंगल में शनिवार रविवार की दरम्यानी रात 12 बजे पोरिया बीट के जंगलों शिकारियों ने नील गाय का शिकार किया।

मुखबिर से वन अमले को सूचना मिली की कुछ संदिग्ध जंगल में सर्च लाइट लेकर घूम रहे हैं। वन विभाग की टीम ने पहुंचकर दबिश दी। दबिश के दौरान वन अमले ने गोली चलने की आवाज सुनी। शिकारियों ने शासकीय वाहन की लाइट पहचान ली और भाग खड़े हुए। कच्चे रास्तों पर शिकारियों ने गाड़ी दौड़ा दी। हमेशा की तरह अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में गाड़ी छोड़कर भाग निकले। इसके बाद कुछ दूरी पर वन अमले को महिंद्रा मार्शल कार खड़ी मिली।नील गाय का आधा कटा हुआ हिस्सा गाड़ी में मिला। नील गाय के शव का पीएम कराया गया। अगले दिन वन विभाग की टीम फिर जंगल में पहुंची और सर्चिंग की तो नील गाय के पीछे का हिस्सा भी मिल गया।



**लटेरी।** वन विभाग ने गाय के शव को जंगल से बरामद कर पीएम कराया।

### मांगें नहीं मानीं तो बी पैक्स कर्मचारी देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने बी-पैक्स कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर चेतावनी दी है। महासंघ ने कहा है कि अगर 22 जुलाई तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो विदिशा जिले के सभी बी-पैक्स कर्मचारी भोपाल में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। महासंघ की ओर से 18 जुलाई को कलेक्टर को पत्र सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारे ने बताया गया कि विदिशा जिले की कई शाखाओं में बी-पैक्स कर्मचारियों की मांगें अब तक पूरी नहीं हुई हैं। कर्मचारी बेहद कम वेतन पर काम कर रहे हैं। 60 फीसदी कैडर कर्मचारियों की भर्ती भी नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। महासंघ ने पहले भी 26 जून को ज्ञापन सौंपा था। उसमें वेतन वृद्धि और कैडर भर्ती की मांग की गई थी। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि 22 जुलाई तक सभी मांगों का समाधान किया जाए। अन्यथा कर्मचारी भोपाल में प्रदर्शन करेंगे।

**प्रतिभाशाली सम्मान एवं फ्यूचर कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम**

# कायस्थ समाज ने 70 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्व. ओमकार प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में कायस्थ सभा द्वारा चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश विद्या प्रतिभाशाली सम्मान समारोह एवं फ्यूचर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर के करीब 70 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनीष निगम डीन मेडिकल कॉलेज विदिशा, डॉ. अनूप वर्मा सिविल सर्जन, हिमलिन श्रीवास्तव असिस्टेंट डायरेक्टर एमईएस भोपाल मौजूद रहे। आयोजन समिति के प्रमुख डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। वहीं आईआईटी, नीट, जेईई, पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

12वीं एवं 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वेदांश सक्सेना, प्रज्ञा श्रीवास्तव, दिव्यांशी सक्सेना, ईशान श्रीवास्तव, देव श्रीवास्तव, शालू निगम, हिमाली श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव, अमीषा श्रीवास्तव, सेजल श्रीवास्तव सहित कई प्रतिभाओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को भविष्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिनय वर्मा ने किया। अंत में कायस्थ सभा अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं महिला प्रतिनिधि प्रतिभा श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।




#### आइकॉन अवार्ड दिया

आइकॉन अवार्ड से तीन विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अभिनय वर्मा एंकरिंग, डॉ. पियूष श्रीवास्तव रेडियोलॉजी एवं संजीव श्रीवास्तव उर्फ डब्बू अंकल को डांसिंग के क्षेत्र में समाज का नाम रौशन करने पर नवाजा गया। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में समाज का नाम रौशन करने पर दर्शिका श्रीवास्तव वाणिज्य कर अधिकारी, पारुल सक्सेना असिस्टेंट प्रोफेसर, मधुर सक्सेना सब इंजीनियर, शिवांश सक्सेना, खुशी सक्सेना सीए, उत्कर्ष सक्सेना गेट ,अरनव श्रीवास्तव, प्रतिष्ठा माथुर नीट, अथर्व श्रीवास्तव, ध्रुव श्रीवास्तव जेईई को सम्मानित किया गया।

# 14.30 लाख का पेट्रोल व डीजल स्टॉक जब्त, कई खामियां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में संचालित पेट्रोल-डीजल पंपों पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर आकस्मिक निरीक्षण अभियान जारी है। इसी क्रम में गठित निरीक्षण दल द्वारा सोमवार को गंजबासौदा अनुविभाग अंतर्गत मेसर्स आशीष ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पेट्रोल-डीजल के स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि स्टॉक मिलान में अंतर पाए जाने पर पेट्रोल के 6420 लीटर और डीजल के 8130 लीटर को जब्त किया गया, जिसकी कुल बाजार कीमत 14,30,988 है।इसके अलावा पंप पर स्टॉक और भाव सूची अद्यतन नहीं पाई गई। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य भौतिक सुविधाएं जैसे पीने का पानी और स्वच्छ शौचालय भी नदारद थे।

अनियमितताओं के आधार पर मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल प्रदाय विनियमन आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संबंधित पंप संचालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रगतिशील है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता हितों की सुरक्षा हेतु यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3170
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2700
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2460
चना
न्यूनतम भाव-5260
उच्चतम भाव-6061
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3650
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-2980
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-8500
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8100
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4425
मूंग
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-7690
उड़द
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5550
धनिया
न्यूनतम भाव-6320
उच्चतम भाव-6700
तुअर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5440
अलसी
न्यूनतम भाव-6935
उच्चतम भाव-6935
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-1600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10984 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जगह-जगह हुआ शिवार्चन

# उदयपुर में पहुंचे 50 हजार से अधिक श्रद्धालु, निकाली गईं कांवड़ यात्राएं









हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह जगह से निकली कांवड़ यात्राएं उदयपुर, गमाखर, त्योंदा स्थित शिव गुफा मंदिर तक पहुंचीं और वहां श्रद्धालुओं ने शिवाभिषेक किया। उधर अन्य श्रद्धालुओं ने भी सुबह से लेकर देर शाम तक शिवालयों में पहुंचकर शिवार्चन किया। जबकि अनेक श्रद्धालुओं ने घरों में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक एवं पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर उदयपुर के प्रसिद्ध शिवमंदिर में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। हालांकि इस बार प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक चौबंद न होने से श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का विशेष माह माना जाता है। इस माह में सोमवार को शिवार्चन का विशेष महत्व रहता है। इसी कारण श्रावण मास के दूसरे सोमवार को नगर सहित आसपास के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु शिवार्चन के लिए पहुंचने लगे थे। सोमवार को उदयपुर के शिव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कांवडियों ने भी अपने साथ लाए जल से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। हालांकि सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होने के बावजूद प्रशासनिक व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं थीं। जिससे दर्शनों के लिए आए श्रद्धालुओं को असुविधा उठानी पडी। मंदिर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर रेलिंग न होने से श्रद्धालु धक्का मुक्की की वजह से नीचे गिरते नजर आए, ऐसे में कोई हादसा हो सकता था। हजारों की संख्या के जन समूह को केवल दस से पंद्रह सुरक्षा कर्मी ही संभालते नजर आए। वहीं मुख्य मार्ग एवं चौराहे पर भी भारी वाहनों की आवाजाही बनी रही, जिससे बार बार जाम लगता रहा।

उधर उदयपुर के अलावा शिवधाम गमाखर में भी दर्शनों के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसी तरह त्योंदा के गुफा शिव मंदिर में भी बडी सख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवडियों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं अभिषेक किया। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने सिरोंज देवपुर के शिव मंदिर पहुंचकर वहां भी भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन अर्चन किया। उधर त्योंदा में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल एवं रसूलपुर जनपद सदस्य अमित सिंह द्वारा कांवड़ियों का पुष्प वर्षा करके एवं फलाहार कराकर स्वागत किया गया। इसी तरह ग्राम साहबा की सिद्ध पहाडी पर भी शिवार्चन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि व विश्व शतरंज दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि मनाई गई एवं विश्व शतरंज दिवस मनाया गया। पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने संचालन करते हुए बताया कि बटुकेश्वर दत्त भगत सिंह के साथ 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असेंबली में बम विस्फोट करने के लिए जाने जाते हैं। 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस भी मनाया जाता है। संरक्षक सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि उन्हें आजीवन कारावास (काला पानी) की सजाई सुनाई गई थी। जेल में उन्होंने 1933 एवं 1937 में भूख हड़ताल की। 1945 में उन्हें रिहा किया गया। 20 जुलाई 1965 को उनका निधन हुआ था, उनकी मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की समाधि स्थल हुसैनी वाला पंजाब में किया गया। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि 1963 में उन्हें बिहार विधान परिषद का सदस्य बनाया गया था। अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, उत्तम सोनी, सुबोध जैन, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, कल्लू कुशवाहा, प्रदीप सेन, रामकुमार, रवि सोनी, राजा अरोड़ा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## सिंधी व्यंजनों से नई पीढ़ी को जोड़ने की होगी स्पर्धा

**गंजबासौदा।** सिंधी समाज पारंपरिक व्यंजनों और संस्कृति को आगामी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल कर रहा है। फास्ट फूड के दौर में अपनी खान-पान विरासत को बचा रखने के उद्देश्य कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें युवतियों को मां, नानी, दादी से पारंपरिक सिंधी व्यंजन सीख कर बनाकर लाना होगा। यह प्रतियोगिता शहर में 23 जुलाई दिन बुधवार को आयोजित की जा रही है। जिसको आयोजित करने वाले हैं सिंधी मेला उत्सव समिति भोपाल के तरफ से बासौदा में भारतीय सिंधु सभा इस कार्यक्रम को आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष अनिल शशि यादव एवं एसडीओपी पुलिस शिखा भलावी करेंगी। यह कार्यक्रम 23 जुलाई दिन बुधवार दोपहर में 2 बजे से 4 बजे के बीच सिंधी कॉलोनी वार्ड नंबर 9 शहीद हेमू कलानी मार्ग बासौदा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की जानकारी भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष राजकुमार मलकानी ने दी।

### खबर संक्षेप

#### नवागत टीआई का किया स्वागत



**गंजबासौदा।** शहर कोतवाली में नवागत थाना प्रभारी संजय बेदिया से राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनसे हर प्रकार के जुर्म एवं शहर की सुरक्षा के संबंध में सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की एवं उनका हर समय सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बसंत सिंह, जगदीप सिंह,अमान सिंह, प्रमोद सिंह, सतनाम सिंह, सबल सिंह आदि मौजूद थे।

## हरियाली अमावस्या पर महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में रोपे जाएंगे 500 पौधे



**गंजबासौदा।** सोमवार को नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पंचतत्व संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी सहित पार्षदों एवं अन्य लोगों ने राजेन्द्र नगर स्थित महारानी लक्ष्मी बाई पार्क का जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व में पार्क में रोपे गए सभी पौधे जीवित और स्वस्थ पाए गए। इस पार्क के निरीक्षण के समय तय किया गया कि आगामी दिनों में आने वाली हरियाली अमावस्या को नगर पालिका, पंचतत्व एवं नागरिकों के सहयोग से पार्क में विभिन्न किस्मों के 500 पौधे रोपे जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद मनीष विश्वकर्मा, नारायण सोनी, सुबोध जैन, शुभम रघुवंशी, स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, सहज तेनगुरिया सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि पूरी तरह बदहाल हो चुके इस पार्क को नपा ने नया रूप देते हुए उसका सौंदर्यीकरण किया है और अब यह पार्क नगरवासियों के घूमने एवं मनोरंजन के लिए एक अच्छा स्थान बन गया है।

## आम आदमी पार्टी ने किया जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित, समस्याओं को लेकर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आम आदमी पार्टी द्वारा गंजबासौदा विधानसभा में जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने प्रेस को बताया कि यह रैली गंजबासौदा को नशा मुक्त शहर बनाने हेतु निकाली गई।

रैली के माध्यम से तहसील कार्यालय एवं शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों नवीन कृषि उपज मंडी, रेलवे स्टेशन, न्यू बस स्टैंड, मिर्जापुर-पचमा बायपास रोड पर जनजागृति लाई गई। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की शराब दुकानों के स्थानांतरण हेतु एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें नशे के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने की मांग की गई है। जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा, प्रदेश संयुक्त सचिव एवं विदिशा प्रभारी सुमित चौहान, संयुक्त सचिव एवं रायसेन प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, प्रदेश सोशल मीडिया शैलेन्द्र नागले और जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर संवाद के दौरान मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा द्वारा जिले के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों से संवाद किया गया और संगठन विस्तार कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं से बात की। प्रदेश संयुक्त सचिव एवं विदिशा प्रभारी सुमित चौहान द्वारा जिले की पांचों विधानसभाओं के संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई।

इसी क्रम में संयुक्त सचिव एवं रायसेन प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब एक जुट होकर आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी समझते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। साथ ही विदिशा जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एक सच्चे सिपाही की तरह है। हम सभी एक होकर पांचों विधानसभाओं के संगठन विस्तार को बढ़वा देंगे। विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र केवट ने कहा कि बासौदा विधानसभा में जो भी चुनाव होगा वह आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी और बासौदा विधानसभा में बहुत जल्द संगठन विस्तार कार्य पूरा किया जाएगा। इसी क्रम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं द्वारा संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रखी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भदोरिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश तामेश्वरी, पूर्व जिला संयुक्त सचिव अब्दुल अजीम खान ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रखी। मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा ने प्रेस को बताया कि अटल ज्योति योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने का वादा था, लेकिन लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं विधानसभा के चुनावों महिलाओं के खातों में 3000 डालने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### वेदांत आश्रम में चल रहा है पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## 'गले में रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम अनिवार्य है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जिसके शरीर पर भस्म ,रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम ये तीनों नित्य विद्यमान रहते हैं उसका पाप विनाशक दर्शन संसार मे दुर्लभ है। उस पुण्यात्मा का दर्शन त्रिवेणी के समान ही है। विभूति (भस्म), गले में रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम अनिवार्य है। भस्म रुद्राक्ष और शिवनाम का जप करने वाले त्रिवेणी इन दोनों में रंचमात्र भी अंतर नही है। भगवान शिव का नाम गंगा है। विभूति (भस्म) यमुना मानी गयी है तथा रुद्राक्ष को सरस्वती कहा गया है। इन तीनों का संयुक्त त्रिवेणी समस्त पापों का नाश करती है।

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन के दौरान सोमवार को शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने बताया कि बहुत पहले की बात है हितकारी ब्रम्हा ने जिसके शरीर में उक्त ये तीनों त्रिपुण्ड, रुद्राक्ष और शिवनाम संयुक्त रूप से विद्यमान थे। उनके फल को तुला के पलड़े में एक ओर रखकर, त्रिवेणी में स्नान करने से उत्पन्न फल को दूसरी ओर के पलड़े में रखा और तुलना की तो दोनों बराबर ही उतरे। अतः सभी शिवभक्तों को अपने शरीर पर सदा धारण करना चाहिए और विशेष कर पूजन करते समय तो रहना ही चाहिए। सोमवार को यजमान खुमान सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह रघुवंशी फतेहपुर द्वारा पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया। आश्रम में अध्ययनरत विद्यार्थीयों द्वारा पार्थिवलिंग माँ पार्वती, गणेश जी, कुबेर जी, वीरभद्र जी , कार्तिकेय जी, नंदी और नागराज का सुंदर विग्रह प्रतिदिन तैयार किया जाता है। आश्रम में यजुर्वेद का अध्ययन कराने वाले आचार्य वेदमूर्ति शिवशंकर पाण्डेय बनारस काशी के आचार्यत्व में रुद्राभिषेक सम्पन्न होता है। उन्होंने बताया कि भूत भावन भोलेनाथ का दिव्य रुद्राभिषेक प्रातः 8 से 11, दोपहर 11 से 1 एवं 2 से 5 तक अलग अलग यजमानों का अलग अलग द्रव्य से रुद्राभिषेक हो रहा है। आश्रम के गौशाला में देशी और वेद लक्षणा गाय के दुग्ध, गंगा जल और कुशा मिश्रित जल कुशोदक से भूत भावन का दिव्य रुद्राभिषेक होता है। आश्रम में लगे हुए बिल्ववृक्ष से बिल्वपत्र तोड़ते हैं बटुक ब्रम्हचारी तीन तीन पत्तों का सुंदर संग्रह करके शिव सहस्त्र नाम से बिल्वार्चन करते हैं।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा, झूमे श्रद्धालु

**गंजबासौदा।** भगवान शिव की नगरी सोमनाथ गुजरात में बासौदा से पहुंचे 175 श्रद्धालुओं की मंडली द्वारा 19 से 26 जुलाई में प्रातः प्रभात फेरी शिवार्चन और शाम को भजन संध्या का पुनीत कार्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के कोषाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं श्री प्रमेहानंद जी महाराज एवं मुख्य यजमान मुरली सिंह रघुवंशी सनाई को बनाया गया है। यह रघुवंशी समाज की धार्मिक यात्रा प्रत्येक वर्ष शिव ज्योतिर्लिंगो पर जाकर शिर्वाचन भजन कथा आदि का आयोजन करती है। इससे पूर्व अयोध्या ,काशी ,हरिद्वार और अब सोमनाथ मे आयोजन किया जा रहा है। इस दल में पर्वत सिंह, लाल साहब, बालाराम, निर्भयसिंह, रेवाराम, देवी सिंह, बीर सिंह, रामरतन , रमेश रघुवंशी, गुड्डा रघुवंशी, मुन्ना दादा आदि शामिल हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) नगर इकाई त्योंदा के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों के होनहार छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीता सिंह चौधरी थाना प्रभारी, उपस्थित रहीं। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में शुभम ठाकुर, जिला संयोजक एबीवीपी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को परिश्रम, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद की एक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें नगर इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मनीष विश्वकर्मा तहसील अध्यक्ष, अंकित ठाकुर नगर मंत्री की यह पहल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

परिजनों ने किया चक्काजाम, मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

# देवपुर धाम जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल महिला को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

## एसडीएम व एसडीओपी की समझाइश के बाद परिजनो ने समाप्त किया चक्का जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सावन माह के चलते शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रो से श्रद्धालु बडी संख्या में तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में पैदल यात्रा कर पहुच रहे है। तो वही रविवार की रात्रि 8 बजें के आसपास ग्राम तिन्दुआ मुगलसराय से श्रद्धालुओ का एक जत्था बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवपुर धाम पैदल जा रहा है। तभी ग्राम अनूपपुर के समीप पुलिया पर जैसे ही श्रद्धालुओ का जत्था पहुचा तो ग्राम रतनबर्री से तेज रफ्तार में आ रहें बाइक चालक ने श्रद्धालुओं में शामिल एक महिला को टक्कर मार दी। जिसके चलते उक्त महिला सिर के भर गिरी जिस कारण उसके सिर से काफी खून निकलने लगा। तो वही मौके पर मौजूद परिजनो ने 108 एंव डायल 100 को सूचना दी। वही डायल 100 की मदद से महिला को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय लाया गया। जहां महिला की हालात को गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने महिला को विदिशा रेफर किया। विदिशा जाते समय रास्ते में ही महिला की मृत्यु हो गया। तो वही विदिशा शासकीय अस्पताल में महिला का पीएम कर डॉक्टरो ने शव के परिजनो को सौपा।

### गुस्साए परिजनों ने किया चक्काजाम

ग्राम तिन्दुआ निवासी विमला बाई की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और आरोपी बाईक चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्राम तिन्दुआ के ग्रामीणो ने अनुपपुर आरोन रोड पर चक्काजाम किया। जिस कारण आरोन रोड पर काफी देर तक जाम की स्थिति देखने को मिली। तो वही परिजनो का कहना रहा कि जब तक विमला बाई को टक्कर मारने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार नही किया जाएगा। तब तक चक्काजाम नही हटेगा। चक्काजाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर ने परिजनो से चर्चा कर चक्काजाम समाप्त कराने के बाद कही। लेकिन गुस्साई परिजनो अपने बात पर अडे रहें। तो वही पुलिस ने उक्त बाईक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 106 (1),281, 125ए और मोटरयान अधिनियम की धारा 184 के तहत प्रकरण दर्ज किया। वही एसडीएम हर्षल चौधरी की समझाइश पर ग्रामीणो ने चक्का जाम समाप्त किया।

### बाबा विश्वनाथ के दर्शन व जलाभिषेक करने जा रहे थे ग्रामीण

*ग्राम तिन्दुआ निवासी सरदार सिंह अहिरवार ने मुगलसराय थाने में रिर्पोट दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार की रात्रि 8 साढे आठ बजें के आसपास मेरे परिवार के सदस्य सहित ग्राम की अनेको महिलाएं व पुरूष देवपुर धाम बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए पैदल यात्रा कर देवपुर जा रहें थें। जैसे ही हम लोग ग्राम अनुपपुर में पुलिया के पास पहुंचे तभी रतनवर्री रोड तरफ से एक मोटर साइकिल वाला तेजी, लापरवाही पूर्वक व खतरनाक तरीके अपनी मोटर साइकल को चलाकर लाया और मेरी बहू विमला बाई को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे विमलाबाई रोड़ पर सिर के बल गिर गई और उसके सिर से खून निकलने लगा। हमने उस गाडी वाले को रोका तो वह अपनी मोटर साइकिल लेकर अनूपपुर तरफ भाग गया। मोटर साइकिल चलाने वाला ग्राम अनूपपुर के रामदयाल शर्मा का लडका शिवम शर्मा था। गाडी का मास्क टूट कर वही पर गिर गया था। फिर हमने 100 नंबर व 108 पर फोन किया मौके पर 100 नंबर व 108 गाडी आ गई थी। 108 गाडी से से हम लोग विमलाबाई को सिरोंज इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से इलाज के लिए उसे विदिशा भेज दिया था। विदिशा ले जाते समय रास्ते में बहू विमलाबाई की मृत्यु हो गई थी। विदिशा के अस्पताल में बहू विमलाबाई का पोस्ट मार्टम हुआ।*

### चक्काजाम समाप्त कराया

रविवार की रात्रि हुए एक्सीडेंट में महिला की मृत्यु होने के बाद मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणो ने आरोन,अनुपपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। परिजनो को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया गया।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।

अनुपपुर रोड पर रात्रि में हुए एक्सीडेंट में महिला की उपचार के दौरान मृत्यु होने के बाद परिजन रिर्पोट दर्ज कराने थाने पहुचें थें। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया था। लेकिन परिजनो को यह गलतफेमी थी कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की। इसके चलते परिजनो ने चक्काजाम कर दिया था। लेकिन समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हो गया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एसआईआर दर्ज कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सोनू डाबर,** पुलिस एसडीओपी सिरोंज।

रविवार की रात्रि 8 बजें के आसपास ग्राम तिन्दुआ से कुछ महिलाए,पुरूष देवपुर धाम जा रहें थें। तभी एक बाईक चालक ने एक महिला को टक्कर मार दी। जिस कारण उक्त महिला के सिर में चोट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तो परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुचें जहा उपचार के दौरान महिला की मृत्यु होने से परिजनो ने चक्काजाम जाम कर दिया था। लेकिन मौके पर पहुचें एसडीएम,तहसीलदार,एसडीओपी मैडम के समझाने पर परिजनो ने चक्काजाम समाप्त किया। वही पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 106 (1),281,125 ए,184 के तहत प्रकरण दर्ज कर बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**लक्ष्मण सिंह डाबर,** थाना प्रभारी मुगलसराय।

शीघ्र होगी जिला कार्यकारणी की घोषणा

## भारतीय किसान यूनियन सर्व के जिला अध्यक्ष बने कमल



**सिरोंज।** किसानों के हितो की लडाई जमीनी स्तर पर लडने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल सिंह यादव को भारतीय किसान यूनियन सर्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सम्मति प्रकाश सैनी के द्वारा भारतीय किसान यूनियन सर्व जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सरकार चाहे कोई भी हो श्री यादव द्वारा किसानो की हितो की लडाई हमेशा जमीनी स्तर पर लडी है। उन्होने किसी भी स्थिति में किसानों का शोषण नहीं होने दिया। वही कमल सिंह यादव ने कहा कि जिस भी क्षेत्र के किसान परेशान होंगे, वहां उनका संगठन हर संभव मदद के लिए पहुंचेगा और किसानो को उनको हक दिलाने के लिए तहसील स्तर क्या जिला स्तर पर भी प्रदर्शन कर किसानो को उनका अधिकार दिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्री यादव कृषि उपज मण्डी सिरोंज के सचिव पद से सेवानिर्मित हो चुके है। सचिव पद पर रहकर उस समय के कार्यकाल उन्होने हमेशा किसानो की मदद की है। इनका वही नेटवर्क आज काम आ रहा है। श्री यादव ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्टीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश व अनुशंसा पर पूरे जिले के प्रत्येक ब्लॉक में भारतीय किसान यूनियन की कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। साथ ही जिले की कार्यकारणी भी शीघ्र ही घोषित की जाएगी। वहीं उनकी नियुक्ति पर नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनो व किसान भाईयों ने बधाईयां दी।

## औदीच्य महिला मंडल ने सुंदरकांड पाठ व पौधरोपण का किया आयोजन



**सिरोंज।** औदीच्य महिला मंडल द्वारा तहसील रोड स्थित शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्य मणिकांता व्यास ने बताया कि औदिच्य ब्राह्मण की अधिकांश सदस्य गुजरात राज्य में निवास करती है। औदिच्य ब्राह्मण के रूप में मूल इतिहास वर्ष 950 ई. के आसपास से पाया जाता है। कार्यक्रम में सम्मिलित समाज की समस्त महिलाओं द्वारा संकल्प लिया गया कि कार्यक्रम का मकसद शहर को हरा भरा बनाए रखने के लिए एवं समाज में एक संदेश पहुंचाना भी है कि हर संगठन को बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण में भाग लेना चाहिए। जिससे अपना शहर अपना राज्य और अपना भारत तक स्वच्छ वातावरण बना रहे। हर एक व्यक्ति को संकल्पित रहना चाहिए कि शुद्ध हवा और खुले वातावरण के लिए वृक्ष होना अनिवार्य है। एक वृक्ष मां के नाम लगाना चाहिए। तो वही महिलाओं द्वारा हरि साड़ियां पहनकर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर महिला मण्डल की सदस्य कविता शर्मा, मृदुला व्यास, लता, गोरी भट्ट, पूजा, प्रभा, शिल्पा शर्मा, प्रिया व्यास शीला शर्मा, जमाना शर्मा, रामदुलारी,राधिका व्यास, प्रीति, सपना, अर्चना, सीमा, वंदना, भगवती शर्मा, आदि बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## फोरलेन-45 पर वाहन की चपेट में आने से हुआ बड़ा हादसा

### चार गायों की मौत, कई हुईं घायल- टीम पहल द्वारा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिपरिया मार्ग पर फोरलेन-45 ओवर ब्रिज के पास बीती रात भोपाल की ओर से आ रहे ट्रक द्वारा मवेशियों को कुचल दिया गया। जिससे 4 मवेशियों की घटना स्थल पर मृत्यु हो जाने के साथ 4 गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनका टीम पहल के कार्यकर्ताओं द्वारा उपचार किया जा रहा है। हाल ही में समाचार प्रमुखता से प्रकाशित कर आवारा छुट्टा मवेशियों का मुद्दा उठाया गया।

ट्रक क्रं. जेके03 एफ8508 के द्वारा फोरलेन-45 मवेशियों को रौंधने और गायों की मौत होने की खबर लगी तो बजरंग दल, विहिप, टीम पहल के कार्यकर्ता घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना स्थल पर भारी भीड़ लग गई। स्थिति को संभालने पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारी सक्रिय बने रहे।



**चार की मौत, 4 गंभीर**

*ट्रक की टक्कर से मवेशियों के मारे जाने और घायल होने की खबर लगते ही भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ट्रक को रोक और चालक को पकड लिया। ड्रायवर के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग, ओवर ब्रिज पर बिजली की व्यवस्था और आवारा मवेशियों के लिए गौ अभ्यारण बनाने की मांग की जाने लगी। तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, टीआई कपिल गुप्ता, सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित नपं. के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते रहे।*

नगर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

## फागिंग मशीन से नपं. द्वारा मच्छर मारने का प्रयास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

एक माह तक नगर एवं क्षेत्र में जमकर बारिश हुई, जिससे नमी की अधिकता के साथ मच्छरों कीटाणुओं की संख्या तेजी से बढऩे लगी। मच्छरों से निजात दिलाने नपं. ने अभियान शुरू कर दिया है।

नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी एवं सीएमओ हरिशंकर वर्मा के निर्देश पर नपं. के कर्मचारियों द्वारा फाङ्क्षगग मशीन से वार्डो में धुंआ फैलाने का कार्य किया जा रहा है।

जमकर बारिश हुई, जिससे स्थान-स्थान पर पानी भरा गया। मकानों में अत्याधिक नमी आ जाने से मकडी और मच्छरों और विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं की तेजी से संख्या बढऩे लगी। मच्छरों मक्खियों और कीटाणुओं के बचाव के लिए नगर के सभी 15 वार्डो में फाङ्क्षगग मशीन से धुआं फैलाने का अभियान नपं. ने शुरू किया है।

## बैठक में निर्णय : बड़ा बाजार में तारण तरण समाज के तीन मंजिला चैत्यालय मंदिर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के बडा बाजार में तारण तरण समाज के चैत्यालय का 2017 में निर्माण कार्य चल रहा है। संपूर्ण समाज के सहयोग से तीन मंजिला चैत्यालय मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। तारण समाज की बैठक चैत्यालय में हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। फरवरी 2027 में नव निर्मित चैत्यालय में वेदी प्रतिष्ठा, सूतन कार्यक्रम का निर्णय और विस्तार से चर्चा हुई। समाज के अध्यक्ष अनिल जैन पप्पू भैया ने कहा कि अभी 18 माह समय है। कार्यक्रम को व्यापक भव्यता के साथ आयोजित करने में समय निकल जाएगा। अ.भा. तारण महासभा के साथ एवं अगले महिनों में तैयारियों को लेकर 10 बैठकों का आयोजन होगा।



वेदी प्रतिष्ठा सूतन कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगो में भारी उत्साह है।बैठक में पं. मुन्नालाल जैन, राकेश तारण, रतन जैन, जिनेन्द्र जैन, राजेन्द्र जैन, शैलेन्द्र जैन, शैलेश जैन, महेन्द्र जैन, हेम कुमार जैन, सहित जैन समाज के अन्यों की उपस्थिति रही।

## मानस सत्संग भवन में शिवलिंग का हो रहा निर्माण, शिवकथा हुई प्रारंभ

### स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक पूजन

◆ शिवकथा के साथ देवी रत्नमणि ने किया छात्रों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा छात्रों में धार्मिक संस्कार, सनातन संस्कृति को जानने समझने और लगाव के लिए दूसरे वर्ष शिवलिंग निर्माण महोत्सव का मानस सत्संग भवन में पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस सोमवार को पूजा पब्लिक हा.से., संस्कृति स्कूल एवं शा.कन्या हा.से. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया गया।

पांच दिवसीय शिवलिंग निर्माण महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कथा व्यासदेवी रत्नमणि द्विवेदी, माधवदास जी महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रभा ब्रजगोपाल पटेल, नपं. उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, चौ. भूपेन्द्र सिंह, विपिन श्रीवास्तव, श्रवण ठाकुर, अखिल खरे, केशव यादव, राहुल रघुवंशी की विशेष उपस्थिति में श्री गणेश जी वंदना आरती और दीप जला कर हुआ।



### शिवकथा, छात्रों से संवाद

*कथा व्यास देवी रत्नमणि द्विवेदी शिवकथा के दौरान सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। शिवजी की भक्ति पूजन इत्यादि से श्रावण माह में होने वाले पुण्य लाभ की भी चर्चा की। इसी के साथ छात्रों से संवाद किया और भारतीय संस्कृति सनातन धर्म के विषय में बताया। आने वाले 4 दिनों तक नगर के शासकीय एवं प्रायवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिदिन मानस सत्संग प्रांगण में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन आरती इत्यादि के धार्मिक कार्यकमों में भाग लेने उत्साह का माहौल बना हुआ है।*

साढे चार करोड़ के निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार, जांच कार्रवाई की मांग

## तेंदौनी नदी पर पुलिया पहली बारिश में हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के ग्राम पांजरा विजयसिंह और प्रोहित पिपरिया मार्ग पर तेदौनी नदी पर पुल का निर्माण पिछले 7 वर्षो से चलता रहा। बारिश पूर्व आवागमन शुरू हुआ और पिछले दिनों हुई बारिश में पुल के दोनों ओर का भराव पानी के साथ बह जाने और पुल में खतरनाक स्थिति वाली दरारें आ जाने से मार्ग से जुडे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है, कि कभी भी घटना दुर्घटना हो जाए।

### डूबा पुल, हुआ क्षतिग्रस्त

तेदौनी नदी के उस पार वाले ग्रामों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने वर्षो पूर्व पुल स्वीकृत हुआ। लगभग सात वर्षो तक तेदौनी पुल का निर्माण कार्य चलता रहा। बारिश पूर्व आवागमन शुरू हुआ। पिछले दिनों हुई बारिश से तेदौनी नदी में बाढ़ की स्थिति बनी और 4-5 फिट तक पुल पानी में डूबा रहा। जब बाढ़ का पानी कम हुआ तो पुल किनारें के भराव वाला मटेरियल कटाव से बह टूट गया। इसी के साथ नव निर्मित पुल में गहरी दरारें दिखलाई देने लगी। तेदौनी पुल निर्माण में ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण की पोल पहली बारिश में ही खुल गई। एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों, किसानों को आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने साढे चार करोड की राशि खर्च हो जाने के बाद अब पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से आने वालें दिनों में किसान अपनी उपज वाहन लेकर जोखिम भरी स्थिति में तेदौनी नदी का पुल पार करने के प्रयासों में कभी भी घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।

**खास बातें**

- पुल में दरार आने के बाद पार करने में भय खा रहे ग्रामीण
- तेदौनी नदी के उस पार वाले ग्रामों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने वर्षो पूर्व पुल स्वीकृत हुआ



बरेली। तेदौनी नदी पर बने पुल में पडी दरारें।

### जांच कार्यवाही और ऊंचे पुल निर्माण की मांग

तेदौनी नदी पर पुल बनने से एक दर्जन ग्रामों के ग्रामीणों किसानों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना था। ग्राम पांजरा विजय सिंह और प्रोहित पिपरिया के बीच तेदौनी नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीण पुरानी स्थिति में पहुंच गए है। ग्रामीणों द्वारा पुल निर्माण कार्य की जांच, घटिया निर्माण पर जिम्मेदारों, ठेकेदारों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के साथ तेदौनी नदी पर उंचे पुल का निर्माण कराये जाने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि 7 वर्षो तक पुल निर्माण का इंतजार करते रहे और पहली बारिश भी पुल नहीं झेल पाया।

website : general.kbtgroup.in
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)

## सरकारी स्कूलों में गरीब अभिभावकों से वसूली जा रही मनमानी फीस

**जिले में हाई स्कूल 115 एवं हायर सेकेंडरी स्कूल 69**

# यह कैसी मनमानी, स्कूलों में ना प्रयोगशाला है और ना खेल मैदान

◆ जिला शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश- विद्यार्थियों से केवल तय मदों का शुल्क लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित रायसेन जिले के सरकारी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में गरीब अभिभावकों से उनके उनके बच्चों से मनमानी फीस वसूली जा रही है जो गतिविधियां स्कूल में होती भी नहीं है उसकी भी फीस वसूल लेते हैं जिससे गरीब पलकों की जेबें कट रही हैं। अभिभावकों ने चेतावनी देते हुए व जिम्मेदार अधिकारियों से मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाई जाने की मांग की है। वरना अभिभावक आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

अभिभावकों ने बताया कि स्कूलों में प्रवेश के समय ही पूरे साल की फीस ली जाती है। जबकि इन स्कूलों में न तो प्रयोगशालाएं सही ढंग से संचालित होती हैं, न ही खेल गतिविधियों के लिए कोई सुविधा इन स्कूलों में है। कुछ अभिभावकों का कहना है कि जिन मदों पर फीस ली जा रही है, उन सुविधाओं का कोई अता-पता नहीं है।




### जुलाई माह में ही बैंक खाते में करा देते हैं जमा

जानकारों के अनुसार, स्कूलों में फीस की यह पूरी व्यवस्था शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) द्वारा तय की जाती है। इसका अध्यक्ष प्राचार्य और सचिव अक्सर प्राचार्य के करीबी शिक्षक होते हैं। जुलाई में ही पूरे वर्ष की फीस शाला के बैंक खाते में जमा हो जाती है और इसका उपयोग भी ये समिति करती है।

जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों से केवल निर्धारित मदों पर ही शुल्क लिया जाए। इसमें खेलकूद के लिए 9वीं और 10वीं में 120 रुपए, 11वीं और 12वीं में 200 रुपए, रेडक्रॉस और गतिविधियों के लिए 20 रुपए, स्काउट के लिए 30 रुपए, करियर काउंसलिंग के लिए 10 रुपए, साइकिल स्टैंड के लिए 30 रुपए, विज्ञान शुल्क के लिए 50 रुपए और परीक्षा के लिए 300 से 400 रुपए तक का शुल्क लिया जाना तय है। इसके अलावा किसी भी मद पर शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि जिले के कई स्कूलों में इन शुल्कों के अलावा भी 800 से लेकर 1200 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं।

### कार्रवाई करेंगे

शाला विकास शुल्क देने के लिए विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बाध्य नहीं किया जाता। यह एक स्वेच्छा से दी जाने वाली राशि है। यदि किसी स्कूल में अधिक शुल्क ले रहे हैं तो विभाग जांच कर कार्रवाई करेगा।

- **डीडी रजक,** जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन

### शिक्षा की गुणवत्ता पर उठाए जा रहे सवाल

*जिले के सरकारी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। लेकिन अब इन सरकारी स्कूलों में ली जाने वाली मनमानी फीस को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। लापरवाही और मनमानी का आलम यह है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा 9 वीं से 12वी क्लास के छात्र छात्राओं से कई गुना मोटी फीस वसूली जा रही है। यह बड़े शर्म की बात है। यह फीस बिना किसी उच्च अधिकारियों या जिला शिक्षा विभाग की बिना किसी अनुमति के तय किया गया है। इस राशि का उपयोग भी स्कूल प्रबंधन अपने तरीके से कर रहा है।*

*शासकीय एक्सीलेंस स्कूल पाटनदेव रायसेन 9वीं क्लास के छात्रछात्राओं से एक हजार 270 रुपये, 10वीं के विद्यार्थियों से 2050 रूपये, 11वीं क्लास के छात्रों से 2 हजार 250 रुपये एकमुश्त फीस वसूल रहे हैं। कमोवेश यही हालात शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी रायसेन, हाई स्कूल कलेक्ट्रेट कॉलोनी अन्य सरकारी स्कूलों के बने हुए हैं।*

---

**प्रिंसीपल को हटाए जाने की मांग**

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सागर रोड़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य और छात्रों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को स्कूल के 114 विद्यार्थियों ने प्राचार्या स्वाति चौहान के विरोध में सड़क पर पैदल मार्च निकाला गया। विद्यार्थी सुबह 10:30 बजे शासकीय पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए।

विद्यार्थियों का आरोप है कि प्राचार्य ने शुक्रवार को कुछ छात्राओं के साथ मारपीट की है। उन्होंने बताया कि प्राचार्य पहले भी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार कर चुकी हैं। विरोध मार्च के दौरान छात्र-छात्राएं एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने तहसीलदार भारत सिंह मंडल को प्राचार्य को हटाने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार भारत सिंह मंडल ने कहा कि विद्यार्थियों का ज्ञापन उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उचित कार्रवाई की जाएगी। रविवार को शहर के सभी शासकीय स्कूलों के शिक्षकों ने प्राचार्य के समर्थन में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था।

मामूल हो कि यह विवाद शुक्रवार को शुरू हुआ। लंच के समय कुछ छात्राएं स्कूल कैंपस के बाहर गई थीं। इस दौरान छात्राओं और प्राचार्य के बीच कहासुनी हुई। छात्राओं ने प्राचार्य स्वाति चौहान पर मारपीट का आरोप लगाया। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ चक्काजाम कर दिया गया।

---

## कायस्थ महासभा की महिला विंग ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में किया पौधरोपण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज का प्रत्येंक वर्ग स्वयं अपने स्तर पर अभियान चला रहा हैं। ताकि प्रकृति का हरा भरा बनाया जा सके। इसी कड़ी में कायस्थ महासभा की महिला इकाई ने पौध रोपण अभियान चला कर नागरिको से अधिक संख्या में पौधो का रोपण करने तथा रोपे गए पौधो की सुरक्षा करने का आग्रह किया है।

नगर के श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंच कर महिलाओं ने भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की तथा मंदिर परिसर में फूलदार, फलदार, छायादार पौधो का रोपण किया तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया।

सावन माह में मंदिर परिसर में भक्तिमय भजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। यहां पर मौजूद महिला विंग की जिलाध्यक्ष रुचि श्रीवास्तव तथा महामंत्री प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण बिगड़ता जा रहा है। दूषित हो रहे पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक है कि अधिक संख्या में पौधो का रोपण किया जाए एवं 5 साल तक रोपे गए पौधे की परवरिश बच्चों की तरह की जाए, ताकि वह पेड़ बन सके।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रही।

---

**सांची विवि की विद्या परिषद में निर्णय**

## जल्द होगा दीक्षांत समारोह श्रीलंका के उपतिस्स नायक थैरो को दी जाएगी मानद उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।




साँची बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कुलगुरु प्रो वैद्यनाथ लाभ की अध्यक्षता में हुई बैठक में दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया। दीक्षांत समारोह की वेशभूषा एवं अन्य विषयों पर चर्चा उपरांत जनवरी-फरवरी में कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।

बैठक में सभी विषयों का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप करने पर सहमति बनी। इस हेतु सभी विषयों के बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक बुलाकर कोर्स में आवश्यक बदलाव किया जाएगा।

साँची विश्वविद्यालय की विद्या परिषद ने बौद्ध धर्म के विद्वान और श्रीलंका महाबोधि सोसायटी के पूजनीय बेनेगल उपतिस्स नायक थैरो को मानद उपाधि देने का भी प्रस्ताव पारित किया। उक्त प्रस्ताव पूजनीय थैरो के साँची एवं बौद्ध धर्म में योगदान पर आधारित है।

विद्या परिषद ने भारतीय प्राचीन सुरक्षा एवं स्वयं सुरक्षा तकनीकों को लोकप्रिय करने के लिए कई कोर्स लागू करने का भी फैसला किया।

---

## कलेक्टर ने विद्यालयों का निरीक्षण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीएल बैठकः कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण की गति धीमी होने पर कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुए आगामी एक सप्ताह में शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन अटेंडेंट और लेवल जंप होने वाली शिकायतों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे।

समीक्षा के दौरान 100 दिवस से अधिक समयावधि की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एक सप्ताह में शिकायतों में कमी आई है, लेकिन और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

---

## महाबोधि महाविहार बोधगया को मुक्त कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा सोमवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग रखी कि जिसमें महाबोधि महाविहार जो कि बौद्धों का प्रमुख आस्था का केंद्र है जहां देश, विदेश के करोड़ों बौद्ध अनुयायी प्रत्येक वर्ष आते है जो कि यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में सम्मिलित है जिसको गैर बौद्धों से मुक्त कराया जाए। इस अवसर पर मुकेश बौद्ध, रतन सिंह चौधरी, सूरज पाल सिंह, घनश्याम अहिरवार, कालूराम चौधरी, भारत सिंह भारती, शुभम भारती सहित बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।



---

## गजानन की प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मिट्टी प्रतिमा तैयार होने में अधिक समय लगता है। ऐन वक्त पर ऑर्डर पूरा नहीं कर पाते, इसलिए दो महीने पहले से मूर्तिकारों ने इस बार निर्माण प्रारंभ कर दिया है। प्रतिमाकार इन दिनों श्री गणेश प्रतिमाओं के निर्माण के लिए ढांचे तैयार करने में जुटे हैं। प्रतिमाओं को ऑर्डर के अनुसार समय पर दिया जा सके।

नदी और पर्यावरण सुरक्षा के चलते सरकार ने पीओपी से प्रतिमा निर्माण पर रोक लगाई है। इससे झांकी संचालकों की मिट्टी निर्मित प्रतिमाओं की मांग बढ़ गई है। मिट्टी से प्रतिमा निर्माण देर से होता है। निर्माण से लेकर सूखने है। इसके लिए निर्माण दो महीने पहले से प्रारंभ करना आवश्यक है। बारिश के दिनों में सूखने और सजावट में दिक्कत आती है। देर से निर्माण प्रारंभ होने पर मूर्तिकार समय पर ऑर्डर नहीं दे पाते।



मूर्तिकार जयकुमार साहू ने बताया कि प्रतिमा निर्माण के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। लेकिन लगातार बारिश से मिट्टी सूखने में समस्या आती है। समय लगता है। समय पर ऑर्डर तैयार नहीं हो पाता। हीटर और आग का सहारा मूर्ति सुखाने में लेना पड़ता है। इससे लागत लागत बढ़ती है। नमी रहने से श्रृंगार में दिक्कत आती है। चमक प्रभावित होती है। एडवांस निर्माण से पर्याप्त समय मिल जाता है। ऐन वक्त मानसिक दबाव नहीं रहता।

### ढांचों का निर्माण प्रारंभ

*श्री गणेश और दुर्गा उत्सव के लिए प्रतिमाओं का निर्माण प्रारंभ हो गया है। बारिश चल रही है। इसके कारण कारीगर निर्माण कार्य में जुट गए हैं। प्रशासन द्वारा पीओपी की प्रतिमा निर्माण पर रोक लगाए जाने के बाद मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का अधिक से अधिक निर्माण किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के नजदीक आते ही नगर में गणेश प्रतिमाओं को रंग रूप देकर निखारने का काम शुरू हो गया है। मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार अलग अलग डिजाइन और पैटर्न में गणेश प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। उदयपुरा रोड पर मूर्तियां बनाने वाले जयकुमार साहू इस बार 3 फीट से लेकर 10 फीट तक मूर्ति बना रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ों छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाएं सार्वजनिक पंडालों में स्थापित की जाएगी।*

---

**पुलिस ने दोनों पर किया मुकदमा दर्ज**

## ग्राम सेमरा में दरवाजे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




पुलिस चौकी दीवानगंज के अंतर्गत आने वाले गांव सेमरा में सोमवार सुबह दरवाजे खोलना बंद करने को लेकर दो पक्षों में आपस में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की, जिससे कई व्यक्तियों को चोटें आई।


दीवानगंज पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेंद्र विश्वकर्मा ने तारीफ खान, तौसीफ खान ताहिर खान तोहिद खान निवासी सेमरा के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

वही ताहिर खान ने राजेंद्र विश्वकर्मा और प्रेम नारायण विश्वकर्मा पर मारपीट का मामला दर्ज कराया है दीवानगंज पुलिस ने दोनों ही पक्षों पर 296 ,115(2), 351 (3),3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

---

## शिवमंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, दिनभर होते रहे भजन कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



ग्राम पंचायत गीदगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम गीदगढ़ के घने जंगलों के बीच स्थित यह मंदिर सिद्धेश्वर महाराज सिद्ध बाबा भोलेनाथ गुफा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर ग्राम गीदगढ़ के घने जंगल मे 351 फिट ऊंचे पहाड़ पर स्थित है। सावन सोमवार को श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन करने पहुंचे जल व प्रसाद चढ़ाया एवं भजन कीर्तन किया गया।

यहां की मान्यता है की सच्चे मन से भोले बाबा से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां पर एक कुंड बना है, जिसे चमत्कारी कुंड कहा जाता है जिसमें 12 महीने जल भरा रहता है। इस कुंड के जल को पीने या नहाने से अनेको बीमारी दूर होती है। यहां पर शिवरात्रि पर विशाल मेले का आयोजन होता है। इस कुंड में गर्मी के मौसम में भी पानी कम नहीं होता है, जितना पानी लेते हैं कुंड से उतना पानी फिर से भर जाता है इसका पानी पीने में बहुत मीठा होता है।

यहां पर साल भर आसपास गांव के ग्रामीण भंडारा कराते रहते हैं। इस धार्मिक स्थान पर श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी सहित और देवी देवताओं की मूर्ति भी विराजमान है।

वहीं दीवानगंज के आसपास के गांवो में सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन कीर्तन पूजा-पाठ होते रहे। कई श्रद्धालु अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। दीवानगंज के खेड़ापति हनुमान मंदिर, गुफा मंदिर, सहित कई मंदिरों में भीड़ रही।

---

**भक्तों ने अनेकों स्थानों पर पुष्प वर्षाकर किया भव्य स्वागत**

## शहर में निकलीं सोमेश्वर बाबा की शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सावन के दूसरे सोमवार के उपलक्ष्य में झांकी समिति ने शहर के प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा के साथ ढोल नगाड़ों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के अर्जुन नगर, सागर-भोपाल तिराहा, महामाया चौक से होते हुए इंडियन चौराहा से महाबली पंचमुखी हनुमान मंदिर गोपालपुर पहुंची। यहां भंडारे के साथ महाआरती, पूजन एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

शोभायात्रा का जगह जगह नागरिकों द्वारा गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर किया स्वागत। शोभायात्रा में शिक्षक नरेश कुमार शर्मा, शशिकांत जायसवाल, भीम सिंह बघेल दलपत सिंह बिजौलिया चच्चा, शुक्ला साहब रमाकांत मीणा आदि शामिल हुए।

**बाबा महाकाल की सवारी रही आकर्षण का केंद्र :** शोभायात्रा में जय बाबा महाकाल की शाही सवारी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। पालकी में सवार होकर बाबा महाकाल प्रजा का हाल-चाल जानने के लिए निकले। इसके अलावा आगे आगे पहलवानों ने अखाड़े के करतब दिखाएं। शोभायात्रा में रायसेन किले स्थित भगवान सोमेश्वर धाम की झांकी भी शामिल हुई। शाही सवारी को भक्तों ने कंधों पर रखकर शहर भ्रमण कराया।






### सांची रोड स्थित माता मंदिर में हुए भजन-कीर्तन

*रायसेन। सावन माह के दूसरे सोमवार पर मां भगवती देवी मंदिर सांची रोड़ में शिव पार्वती के भजन कीर्तन हुए। सावन के महीने में चारों सावन सोमवार पर शहर सहित आसपास के गांवों की भजन मंडलियां शामिल होती हैं। मंदिर के पुजारी राजेश कुशवाहा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पिछले 5-6 वर्षों से इस मंदिर में कराए जा रहे हैं। भजन गायकों ने संगीतमयी भगवान शिव पार्वती भजनों के अलावा अंगना पधारो मेरे मां शारदा भवानी, गणेश वंदना की गई।*